बी.एच.डी.एल.ए–135

बी.ए. कार्यक्रम
(बी.ए.जी.)

सत्रीय कार्य
(जुलाई 2021 और जनवरी 2022 सत्रों के लिए)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एल.ए.-135
हिन्दी भाषा : विविध प्रयोग

मानविकी विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली-110068

हिंदी भाषा : विविध प्रयोग
(BHDLA-135)
सत्रीय कार्य
2021–2022

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एल.ए.–135
सत्रीय कार्य कोड : 2021–2022
कुल अंक : 100

आपको हिंदी के भाषा आधारित पाठ्यक्रम **बी.एच.डी.एल.ए.–135** का केवल एक सत्रीय कार्य करना है। इस सत्रीय कार्य के लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं। यह सत्रीय कार्य खंड 1 तथा 2 पर आधारित है।

उद्देश्य : शिक्षक जाँच सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य यह जाँचना है कि आपने पाठ्य सामग्री को कितना समझा है और आप स्वंय उसे अपने शब्दों में कैसे प्रस्तुत कर सकते हैं। यहाँ हमारा तात्पर्य पाठ्यक्रम सामग्री की पुनर्प्रस्तुति से नहीं है वरन् अध्ययन के दौरान आपने जो कुछ सीखा और समझा है, उसे आप आलोचनात्मक ढंग से प्रस्तुत कर सकें।

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य भाषा के विभिन्न कौशलों का विकास करना है। ये कौशल हैं : सुनकर समझना, पढ़ना, बोलना और लिखना। इसके लिए भाषा के आधारभूत तत्वों पर अधिकार प्राप्त करना होता है। भाषा सीखने का उद्देश्य यह भी है कि हम उसके माध्यम से विचारों का आदान–प्रदान कर सकें, विविध विषयों में हिंदी की प्रस्तुति को समझ सकें और अपने शब्दों में उन्हें व्यक्त कर सकें।

सत्रीय कार्य से आप यह जान सकेंगे कि आपको विविध विषय क्षेत्रों में हिंदी भाषा के प्रयोगों के संदर्भ में कितनी दक्षता प्राप्त हुई है। प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

निर्देश : सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए :

1). ऐच्छिक पाठ्यक्रमों के लिए कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए विस्तृत निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए।

2). अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के पहले पृष्ठ के दाएँ सिरे पर अनुक्रमांक, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।

3). बाईं ओर पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या और अपने अध्ययन केंद्र का उल्लेख करें जैसे आगे दिखाया गया है :

अनुक्रमांक : .....

नाम : .....

पता : .....

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : .....

सत्रीय कार्य कोड : .....

अध्ययन केन्द्र का नाम/कोड : .....

दिनांक : .....

सत्रीय कार्य के लिए आवश्यक निर्देश

1. सत्रीय कार्य पाठ्यक्रम के खंड 1 तथा 2 पर आधारित है। इसमें तीन भागों के अंतर्गत प्रश्न पूछे गए हैं, जिनका उद्देश्य विविध विषय क्षेत्रों में हिंदी भाषा के प्रयोगों के गहन अध्ययन के संदर्भ में आपकी लेखन क्षमता की जाँच करना है।

2. इस सत्रीय कार्य में कुछ प्रश्न निबंधात्मक हैं। जिनके उत्तर पठित इकाइयों के आधार पर आपको निर्धारित शब्दों में देने हैं। एक अन्य प्रश्न में आपको निबंध लिखना है। सत्रीय कार्य में व्याकरण संबंधी प्रश्न पूछे गए हैं। इस प्रकार इन प्रश्नों से जहाँ एक ओर आपकी भाषा संबंधी समझ विकसित होगी वहीं दूसरी ओर आप हिंदी भाषा के अपने प्रयोग में भी सुधार ला सकेंगे। उत्तर लिखते हुए भाषागत शुद्धता का विशेष ध्यान रखें।

3. सत्रीय कार्य पूरा करके इसे जाँच के लिए अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक (Coordinator) के पास **जुलाई, 2021 में नामांकित विद्यार्थी 30 अप्रैल, 2022 तक एवं जनवरी, 2022 में नामांकित विद्यार्थी 31 अक्टूबर, 2022 तक अवश्य जमा करा दें।**

उत्तर देने के लिए निम्नलिखित विधि से तैयारी करेंगे तो आप के लिए लाभप्रद रहेगा।

1. **अध्ययन** : सबसे पहले सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। फिर इससे संबंधित इकाइयों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए। अंत में प्रत्येक प्रश्न के संबंध में कुछ खास बातें नोट कर लीजिए और उन्हें तार्किक ढंग से पुनर्व्यवस्थित कीजिए।
2. **अभ्यास** : उत्तर का प्रारूप तैयार करने से पूर्व नोट की गई बातों पर विचार कीजिए। अनावश्यक बातों को हटा दीजिए और प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से विचार कीजिए। व्याकरण संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखने से पहले आपने उत्तर पर अच्छी तरह से विचार कर लीजिए। अगर आप बिना समझे पुस्तक या अन्य किसी स्रोत की सहायता से उत्तर देंगे तो इससे आपको कोई लाभ नहीं होगा और सत्रांत परीक्षा में आप ऐसे प्रश्नों का सही उत्तर नहीं दे पाएँगे। निबंधात्मक प्रश्न में आरंभ और उपसंहार पर विशेष ध्यान दीजिए। उत्तर के आरंभिक अंश में प्रश्न की संक्षिप्त व्याख्या और अपने उत्तर की दिशा का संकेत अवश्य दे देना चाहिए। मध्य भाग में आप उत्तर का मुख्य भाग आवश्यक विस्तार के साथ क्रमबद्ध और तार्किक ढंग से प्रस्तुत करें। उपसंहार में उत्तर का सार देना चाहिए।

यह सुनिश्चित कर लीजिए कि :

क) आपका उत्तर तार्किक और सुसंगत हो।
ख) वाक्यों और अनुच्छेदों (paragraphs) के बीच स्पष्ट क्रमबद्धता हो,
ग) उत्तर सही ढंग से लिखा गया हो तथा आपकी अभिव्यक्ति शैली और प्रस्तुति के पूर्णतया अनुकूल हो,
घ) उत्तर प्रश्न में निर्धारित शब्दों से अधिक लंबा न हो, और
ङ) आपके लेखन में भाषागत त्रुटियाँ न हों, विशेष रूप से मात्रा और व्याकरण संबंधी गलतियों से बचें।

3. **प्रस्तुति** : जब आप अपने उत्तर से पूर्णतया संतुष्ट हो जाएँ तो उसे साफ और सुंदर अक्षरों में उत्तर पुस्तिका में लिख लीजिए तथा जिन बातों पर आप जोर देना चाहते हैं, उन्हें रेखांकित कर दीजिए।

शुभकामनाओं सहित!

नोट : याद रखें कि परीक्षा में बैठने से पूर्व सत्रीय कार्य जमा कराना अनिवार्य है अन्यथा आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हिंदी भाषा : विविध प्रयोग
(BHDLA-135)
सत्रीय कार्य
(खंड 1 एवं 2 पर आधारित)

पाठ्यक्रम कोड : बी.एच.डी.एल.ए.–135
सत्रीय कार्य कोड : बी.एच.डी.एल.ए–135/टी.एम.ए./2021–2022
कुल अंक– 100

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। दस अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में तथा पाँच अंक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। शेष प्रश्नों के उत्तर, दिए गए निर्देशों के आधार पर दीजिए।

भाग–1 (इकाई 1 से 4 पर अधारित)

1. 'लिपिबद्ध भाषा या लेखन कला के उद्‌भव से ही भाषा का चरम विकास संभव हो सका।' इस पर विचार करते हुए देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताइए। 10
2. उच्चारणगत विशेषताओं के आधार पर हिंदी वर्णमाला का विवेचन कीजिए। 10
3. विज्ञान के क्षेत्र में प्रयुक्त हिंदी की विशेषताएँ सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 10
4. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए: 5×2= 10
   (क) प्रयोजनमूलक हिंदी और सामान्य हिंदी में अंतर
   (ख) कार्यालयी हिंदी

भाग–2 (इकाई 5 से 8 पर आधारित)

5. भाषण की शैलीगत विशेषताएँ बताते हुए संबोधन कारक का परिचय दीजिए। 10
6. निबंध रचना के नियमों के आधार पर 'विद्यार्थी जीवन में अनुशासन महत्व' विषय पर निबंध लिखिए। 10
7. पाठ्यक्रम में सम्मिलित इतिहास विषयक पाठ की वर्तनी की विशेषताएँ लिखिए। 10

भाग–3 (इकाई 9 से 12 पर आधारित)

8. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : 5×2=10
   (i) विलोम शब्द
   (ii) संधि
   (iii) प्रविशेषण
   (iv) प्राकृतिक गैस
   (v) नेट बैंकिंग

9. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए : 5×2=10
   (क) राष्ट्रभाषा
   (ख) राजभाषा हिंदी का स्वरूप

10. निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए : 5×2= 10
    (क) बीमा क्षेत्र में प्रयुक्त हिंदी
    (ख) विपणन में प्रयुक्त हिंदी